दैनिक

# वर्तमान सत्ता

नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, मोदीनगर मुरादनगर आदि से प्रसारित

एनसीआर का प्रमुख

25 YEARS

वर्तमान सत्ता प्रकाशन के सफलता के 25 वर्ष

www.vartmansatta.com

वर्षः 26 अंकः 179 नोएडा (गौतमबुद्धनगर) बृहस्पतिवार | 26 जनवरी 2023 आर.एन.आई. नं. 72344/98 | email: vartmansatta@yahoo.com मूल्यः 1.00 रुपया

# कर्तव्य पथ पर शक्ति का प्रदर्शन

## कई देशों ने दी भारत को बधाई : अग्निवीरों ने भी लिया हिस्सा

**वर्तमान सत्ता**

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तिरंगा फहराया। इसके बाद कर्तव्य पथ पर परेड का भव्य आयोजन किया गया। इस साल मिस्र के राष्ट्रपति अब्लेद फतह अल– सीसी गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। भारतीय वायुसेना के 45 विमान, भारतीय नौसेना का एक और भारतीय सेना के चार हेलीकॉप्टरों ने आसमान में हैरतअंगेज करतब दिखाए। इस दौरान दुनिया ने राफेल विमानों की भी ताकत देखी। कर्तव्य पथ (राज पथ का नया नाम) पर डेयरडेविल्स ने अपने प्रदर्शन से रोमांच भर दिया। मोटर साइकिल पर डेयरडेविल्स ने स्टंट दिखाए। इस दौरान बाइक पर योग की मुद्राएं करते हुए दिखाई दिए।



इस अवसर पर पर रक्षा मंत्रालय और सांस्कृतिक मंत्रालय की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। यह प्रस्तुति नारी शक्ति पर केंद्रित रही।

उत्तर प्रदेश ने भी अपनी झांकी मिशन शक्ति की थीम पर निकाली। गणतंत्र दिवस की परेड में 861 मिसाइल रेजीमेंट की ब्रह्मोस भी शामिल रही। लेफ्टिनेंट प्रज्वल कला के नेतृत्व में दुनिया ने भारत के इस मिसाइल सिस्टम की ताकत देखी। इस अवसर परकई देशों ने भारत को बधाई दी और अग्निवीरों ने भी हिस्सा लिया।

लखनऊ में 74वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ मंच पर बच्चे के साथ मुस्कान बिखेरते नजर आये। **फोटो वर्तमान सत्ता**

उत्तर प्रदेश सरकार में सूचना एवं जनसम्पर्क निर्देशक शिशिर सिंह ने आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर सूचना डायरेक्टरेट कार्यालय लखनऊ पर तिरंगा झंडा फहराया।

## फांसी लगाई

**वर्तमान सत्ता**

**नोएडा।** सेक्टर–49 थाना क्षेत्र में स्थित सलारपुर कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने बीती रात को अपने घर में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि महिला के परिजनों ने शिकायत दी तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### अवकाश सूचना

सभी पाठकों, विज्ञानपदाताओं को सूचित किया जाता है 26 जनवरी 2023 के उपलक्ष में अवकाश के कारण 27 जनवरी 2023 को दैनिक वर्तमान सत्ता का प्रकाशन नहीं हो सकेगा, हमारी आपसे मुलाकात 28 जनवरी 2023 को होगी, जिसके लिए हमें खेद है।

**संपादक**

## कलेक्टर ने फहराया झंडा

**वर्तमान सत्ता**

**ग्रेटर नोएडा।** गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व आज जिला अधिकारी सुहास एलवाई की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिला अधिकारी सुहास एल वाई ने निर्धारित समय पर कलेक्ट्रेट प्रांगण में झंडा रोहण किया उसके उपरांत सामूहिक राष्ट्रगान में भाग लिया गया। इस अवसर पर जिला अधिकारी ने भारत के गणतंत्र का संकल्प सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलाया। इसके बाद जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सभागार में भारत के संविधान के संबंध में गोष्ठी का आयोजन हुआ। डीएम सुहास एल वाई ने इस अवसर पर कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है आज ही के दिन 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ। भारत का संविधान विश्व प्रसिद्ध है और यह हम सभी भारतीयों एक सूत्र में जोड़ता है। उन्होंने कहा कि



यदि भारतीय संविधान की 4 शब्दों में व्याख्या करनी हो तो उसका मूल उद्देश्य राजनीतिक आजादी, सामाजिक सौहार्द, सामाजिक प्रगति एवं आर्थिक प्रगति मुख्य हैं। आज के दिन हमें संकल्पित होकर अपने दायित्वों का निष्ठा के साथ निर्वहन करने की शपथ लेनी चाहिए और सभी कर्तव्यों को संविधान के अनुसार करना चाहिए।

## मंडलायुक्त ने किया ध्वजारोहण



**वर्तमान सत्ता**

**ग्रेटर नोएडा।** 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर गौतम बुद्ध नगर पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस का समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मेरठ मंडल की मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे ने ध्वजारोहण किया और परेड का निरीक्षण किया। पुलिस बल ने इस अवसर पर हवाई फायरिंग कर तिरंगे को सलामी दी। विभिन्न स्कूलों से आए छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर कदम से कदम मिला कर शानदार ढंग से पुलिस कर्मियों ने परेड किया। जिसमें सबसे आगे यातायात विभाग के पुलिसकर्मी रहे। परेड से पहले मेरठ मंडल की मंडलायुक्त ने परेड का निरीक्षण किया। पुलिस बल हवाई फायरिंग कर तिरंगे को सलामी दी।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि पुलिस में पिछली 6 वर्षों के दौरान अमूल चूल परिवर्तन हुए हैं। पुलिस स्टेट की एक नकारात्मक विचारधारा को त्याग कर एक वेलफेयर स्टेट की तरफ बढ़े हैं। हमारे ही साथियों के बलिदानों के फलस्वरुप शांतिपूर्ण वातावरण में हम रह रहे हैं और व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरुस्त बनाने के लिए पुलिस की संख्या में बढ़ोतरी की गई है। लोगों को अपने कार्यों से दूर ना जाना पड़े इसके लिए कई पुलिस थाने और न्यायालयों का की स्थापना की गई है।

मेरठ मंडल की मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे ने कहा कि हमारा आजादी का अमृत महोत्सव चल रहा है। इसमें काफी सारी उपलब्धियां हम लोगों ने हासिल किया हैं और कई उपलब्धियां हासिल करने की आवश्यकता है। हमारे सामने कई चुनौतियां सामने इसके लिए तैयार रहना होगा। समारोह के दौरान जनपद स्कूलों के छात्रों ने रंगारंग देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। 15 वर्ष से ऊपर उम्र के पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा देश भक्ति से ओत–पोत रंगा–रंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

## समस्याओं का समाधान नहीं होने पर

# सीईओ ने अफसरों को फटकारा

**वर्तमान सत्ता**

**ग्रेटर नोएडा।** किसानों को छह फीसदी आवासीय भूखंड जल्द उपलब्ध कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने बुधवार को समीक्षा बैठक की। लीज प्लान जारी करने और किसानों के नाम लीज डीड कराने में धीमी गति पर सीईओ ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को जमीन देने वाले किसानों को विकसित एरिया

में छह फीसदी रिहायशी भूखंड दिया जाता है। भूलेख विभाग से पात्रता तय होने के बाद नियोजन विभाग प्लॉट नियोजित करता है। प्रोजेक्ट विभाग उसे विकसित कर लीज प्लान जारी करता है, फिर किसानों के नाम लीज डीड होती है। सीईओ ने छह फीसदी आवासीय भूखंड से जुड़े सभी विभागों की समीक्षा की। पूर्व में दिए गए निर्देश पर धीमी प्रगति से नाराज सीईओ ने अधिकारियों को फटकार लगाई। सीईओ ने प्रोजेक्ट विभाग को लक्ष्य दिया कि जिन भूखंडों को विकसित करने का काम चल रहा है, उसे जल्द पूरा कर लीज प्लान जारी करें, ताकि किसानों के नाम लीज डीड की जा सके। सीईओ ने कहा कि जिन भूखंडों पर अवैध अतिक्रमण है, उसे पुलिस–प्रशासन की मदद से तत्काल हटाकर विकसित कर लीज प्लान जारी करें। नियोजन विभाग को शेष किसानों का भूखंड भी नियोजित करने के निर्देश दिए। सीईओ ने साफ कहा है कि अगर किसी किसान की पात्रता के बिना भूखंड दिया गया तो उस अधिकारी–कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इसके साथ ही सीईओ ने अब हर सप्ताह छह फीसदी भूखंड के प्रकरणों की समीक्षा करने की बात कही, जिस विभाग की प्रगति संतोषजनक नहीं मिलेगी, उस विभाग से संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसीईओ अमनदीप डुली और एसीईओ आनंद वर्धन समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अब देखना यह होगा कि क्या सीईओ के आदेश का पालन अधिकारी करेंगे या नहीं।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में हुआ ध्वजारोहण

# सुरक्षाकर्मियों को सम्मानित किया

**वर्तमान सत्ता**

**ग्रेटर नोएडा।** हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए और उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा, और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस सभा में एतद द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों ने गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में यह शपथ ली। एसीईओ प्रेरणा शर्मा ने एसीईओ अमनदीप डुली के साथ ध्वजारोहण किया। एसीईओ ने

सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सावित्री बाई फूले बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्राओं को प्राधिकरण की तरफ से पुरस्कृत भी किया गया। साथ ही प्राधिकरण के सुरक्षाकर्मियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक अनिल जौहरी ने किया। कार्यक्रम के दौरान जीएम वित्त विनोद कुमार, जीएम संपत्ति आरके देव,समेत तमाम वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। उधर किसान एकता संघ ने दनकौर स्थित कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान के नेतृत्व में तिरंगा फहराया गया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान ने कहा कि देशभर में गणतंत्र दिवस का पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। गणतंत्र दिवस भारत के इतिहास का स्वर्णिम दिन है। इस दिन भारत एक लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक राष्ट्र बना था।

खास लोगों के लिए खास अखबार

वर्तमान सत्ता

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का प्रमुख दैनिक

## भारत दुनिया का सिरमौर

भारत और मिस्र के सम्बन्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से बहुत घनिष्ठ रहे हैं। प्रागैतिहासिक काल से लेकर ऐतिहासिक काल तक में दोनों देशों की संस्कृतियों में ऐसा समन्वय रहा है कि उसका असर वर्तमान दौर तक में देखने को मिलता है। इस वर्ष के गणतन्त्र दिवस समारोह में मिस्र के राष्ट्रपति श्री अब्दुल फतेह अल–सिसी मुख्य अतिथि हैं। दरअसल उनकी यह भारत यात्रा दोनों देशों के बीच सम्बन्धों को और प्रगाढ़ करेगी तथा पश्चिम एशियाई व इस्लामी देशों को विशेष सन्देश देगी क्योंकि मिस्र ऐसा देश भी है जिसने अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर समय–समय पर भारत का साथ देने में कभी हिचकिचाहट नहीं दिखाई और इसके लोकतान्त्रिक ढांचे को मानवता का प्रतीक तक माना।

एक जमाना था जब पूरी दुनिया में भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री पं. जवाहर लाल नेहरू व मिस्र के राष्ट्रपति श्री नासिर के साथ युगोस्लाविया के राष्ट्रपति मार्शल टीटो की त्रिमूर्ति को नये प्रकाश के रूप में देखा जाता था और विकासशील देशों के हित के लिए गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के जरिये विश्व के सम्यक विकास का माध्यम समझा जाता था। इसी के चलते मिस्र ने भारत के राष्ट्रीय हितों की कभी अवहेलना नहीं की और कश्मीर मुद्दे पर भारत का साथ देने से भी पीछे कदम नहीं उठाया। इस्लामी देश होने के बावजूद मिस्र हमेशा एक उदारवादी देश बना रहा जिसमें सभी धर्मों के लोगों के लिए स्थान रहा। हालांकि इस देश की राजनीति में बाद में बदलाव भी आये मगर इसके बावजूद इसमें कट्टरपंथियों की दाल कभी नहीं गल पाई। श्री अल–सिसी 24 जनवरी को भारत आ जायेंगे और अपनी इस यात्रा के दौरान वह भारत के साथ सामरिक क्षेत्र से लेकर आन्तरिक सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और कृषि क्षेत्र तक में आपसी सहयोग के कई समझौते करेंगे। रक्षा क्षेत्र में मिस्र भारत में निर्मित आयुध अस्त्र व सम्बन्धित प्रणाली खरीदने का इच्छुक रहा है और इस बाबत उसने भारत के साथ तब भी एक समझौता किया था जब पिछले वर्ष रक्षामन्त्री श्री राजनाथ सिंह मिस्र की यात्रा पर गये थे। अल–सिसी स्वयं मिस्र के सेना प्रमुख रहे हैं और बाद में राष्ट्रपति बने हैं। अतः भारत में विकसित रक्षा प्रणाली के प्रति उनकी शुरू से ही रूची रही है। वह इस सम्बन्ध में भारतीय आयुध टैक्नोलॉजी के आयात के भी इच्छुक बताये जाते हैं। इसके साथ ही वह अपने देश के आधारभूत ढांचे के विकास में भी भारतीय निवेश के इच्छुक हैं। भारत के बारे में पश्चिम एशियाई देशों में यह भी प्रचलित है कि इसके प्रशिक्षित इंजीनियर व अन्य तक्नीशियन उनके विकास की संरचना को मजबूती देने में सक्षम हैं। ऐसा प्रयोग पश्चिम एशिया के कई देशों में हो चुका है। सूचना प्रद्योगिकी में भारत दुनिया का सिरमौर माना जाता है।

## भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी हुए मजबूत

**नई दिल्ली, वर्तमान सत्ता।** भारत जोड़ो यात्रा का समापन 30 जनवरी को महात्मा गांधी की हत्या की बरसी पर श्रीनगर में ध्वजारोहण समारोह के साथ होगा। 7 सितंबर, 2022 को शुरू हुई यात्रा तब तक कन्याकुमारी से लेकर

हिमालय तक उपमहाद्वीप की लंबाई तय कर चुकी होगी। इस यात्रा ने निःसंदेह कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उत्साहित किया है और अक्षम समझी जाने वाली पार्टी को नया जीवन प्रदान किया है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने राहुल गांधी की पहले की पप्पू वाली छवि को एक परिपक्व व्यक्ति और एक विश्वसनीय राजनीतिक नेता के रूप में बदल दिया है। राष्ट्र में समुदायों के बीच नफरत को दूर करने और प्यार का परिचय देने की उनकी छवि ने सोशल मीडिया में काफी बहस छेड़ दी है। यहां तक कि राहुल गांधी के आलोचक भी इस बात से सहमत हैं कि कठिन यात्रा ने उन क्षेत्रों में लोगों का सम्मान और समर्थन अर्जित किया है जहां से यह गुजरी है। यात्रा और राहुल गांधी की आलोचना करने के भाजपा नेताओं के प्रयासों को ज्यादा सफलता नहीं मिली है। फिर भी मौलिक प्रश्न यह है कि क्या यात्रा कांग्रेस के लिए चुनावी सफलता ला सकती है? यह अलग बात है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने कहा है कि यात्रा का उद्देश्य सत्ता हासिल करना नहीं है, परन्तु इसमें भी कोई संदेह नहीं है कि जब तक ऐसा नहीं होता, सामाजिक सद्भाव का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि कांग्रेस देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है, जिसका क्षेत्रों में पदचिह्न है– 2019 के आम चुनावों में उसने 403 लोकसभा सीटों में चुनाव लड़ा तथा उसने 52 सीटें जीतीं, 196 में दूसरे स्थान पर रही और कुल वोटों का 19.5 प्रतिशत प्राप्त किया। कांग्रेस 12 राज्यों–पंजाब, असम, कर्नाटक, केरल, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, गोवा, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड में मुख्य विपक्षी पार्टी है। यह सात राज्यों–अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड में भाजपा के साथ सीधे मुकाबले में है, जहां 543 लोकसभा सीटों में से 102 सीटें हैं। क्षेत्रीय दलों की राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपस्थिति या ताकत नहीं है। कायाकल्प और रूपांतरित कांग्रेस के बिना, विपक्ष 2024 के चुनावों में इन राज्यों में भाजपा की किस्मत में सेंध लगाने की उम्मीद नहीं कर सकता है। आम आदमी पार्टी (आप) ने 2019 में लोकसभा में सिर्फ एक सीट जीती थी और अधिकांश निर्वाचन क्षेत्रों में तीसरे स्थान पर रही थी। टीएमसी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 34 की तुलना में 2019 में 22 सीटें जीतीं, टीआरएस ने 2014 में 11 की तुलना में 2019 में 17 में से नौ सीटें जीतीं। विपक्ष कांग्रेस को समर्थन न देकर या उसके साथ गठबंधन न कर भाजपा–विरोधी वोटों को ही बांट देंगे। हालांकि, अभी इसमें संदेह है कि कांग्रेस 2024 में भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकता का आधार बनने में सक्षम है। 2014 के लोकसभा चुनावों के बाद से लगातार चुनावी हार से गुजरती कांग्रेस के समक्ष इस समय तीन प्रमुख समस्याएं हैरू पहला, सत्ता का केंद्रीकरण, और शीर्ष पर निर्णय लेनाय दूसरा, संगठनात्मक कमजोरीय और तीसरा, एकता की कमी। पार्टी अध्यक्ष के रूप में एक गैर–गांधी के निर्वाचन के बावजूद, आलाकमान की संस्कृति और गांधी परिवार की उपस्थिति और दबदबा अभी भी जारी है। जिसके परिणामस्वरूप शीर्ष पर निर्णय लिए जाते हैं और स्थानीय नेताओं की अनदेखी की जाती है।

## 'बांटो और राज करो' की नीति पर चलने वाले ब्रिटेन ने इस बार

# हमें डॉक्यूमेंट्री बना कर बाँट दिया

**वर्तमान सत्ता**

**नई दिल्ली।** गुजरात दंगों के इतिहास को अपने मन मुताबिक कुरेदते हुए बीबीसी ने जो डॉक्यूमेंट्री बनाई है वह असल में भारतीयों को वैचारिक आधार पर बाँटने की एक बड़ी साजिश है और इस साजिश के पीछे हैं ब्रिटेन के पूर्व विदेश मंत्री जैक स्ट्रॉ। उन्हें विभाजनकारी मानसिकता वाला और दूसरे देशों के आंतरिक मुद्दों में हस्तक्षेप करने वाला नेता माना जाता है। बीबीसी ने गुजरात दंगों को लेकर जो डॉक्यूमेंट्री बनाई है उसके पीछे जैक स्ट्रॉ का ही दिमाग है। भारत के प्रति पूर्वाग्रह रखने वाले जैक स्ट्रॉ के इशारे पर बनी डॉक्यूमेंट्री में गुजरात में मुसलमानों की मौतों का तो जिक्र है लेकिन उन 59 कारसेवकों के बारे में कुछ नहीं कहा गया है जिन्हें गोधरा में ट्रेन में जिंदा जला दिया गया था। सवाल यह भी उठता है कि 2002 के दौरान ब्रिटेन के विदेश मंत्री रहे जैक स्ट्रॉ के पास अगर वास्तव में दंगों से जुड़ी कोई गोपनीय जानकारी थी तो उन्होंने इसे बीबीसी को सौंप कर क्या ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट का उल्लंघन नहीं किया?

सवाल यह भी उठता है कि ब्लैकबर्न क्षेत्र से आठ बार सांसद रहे जैक स्ट्रॉ ने क्या अपने क्षेत्र के मुस्लिमों को खुश करने के लिए इस डॉक्यूमेंट्री का निर्माण करवाया है? 2021 की जनगणना दर्शाती है कि ब्लैकबर्न क्षेत्र में मुस्लिम आबादी का प्रतिशत 35 और ईसाई आबादी का प्रतिशत 38 है। यानि मुस्लिम आबादी निर्णायक भूमिका में है।

जैक स्ट्रॉ के बारे में तमाम तरह की कहानियां प्रचलित होने के बावजूद सवाल उठता है कि भारत से नफरत करने वाले इस व्यक्ति की दिमागी चाल को हिंदुस्तान में सफल बनाने के लिए यहां के कुछ लोग क्यों आमादा हैं? गुजरात दंगों पर सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कई जाँचें हुईं, तत्कालीन यूपीए सरकार जिसका नेतृत्व कांग्रेस कर रही थी, उसने भी तमाम एसआईटी का गठन कर दंगों के विभिन्न मामलों की जांच कराई। नरेंद्र मोदी से घंटों तक पूछताछ हुई। लेकिन जितने भी जांच आयोग या एसआईटी थे सभी ने सभी मामलों में नरेंद्र मोदी को क्लीन चिट दी। यही नहीं गुजरात की जनता ने हर विधानसभा चुनावों में और जबसे मोदी लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं तब से दोनों आम चुनाव में जनता ने मोदी को विभिन्न आरोपों से क्लीन चिट दी। लेकिन हिंदुस्तानी क्लीन चिटों पर भरोसा नहीं करने वाले लोग विदेशी चार्जशीटों पर यकीन कर रहे हैं। आज जो लोग घूम–घूम कर गुजरात दंगों पर असत्य से भरी बीबीसी डॉक्यूमेंट्री दिखा रहे हैं क्या वह बंगाल और केरल की राजनीतिक हिंसा, 1984 के सिख विरोधी दंगों की सत्य कथा और कश्मीर में पंडितों के नरसंहार पर आधारित द कश्मीर फाइल्स भी देखने और दिखाने का साहस रखते हैं? देश में जब लोकसभा चुनावों में एक साल से भी कम समय बचा है और भाजपा विरोधी दलों के पास जब मोदी के वैश्विक कद जैसा कोई बड़ा नेता नहीं है तो मोदी की छवि को नुकसान पहुँचाने का अभियान छेड़ दिया गया है। बीबीसी डॉक्यूमेंट्री को लेकर जिस तरह देश के विश्वविद्यालयों में नकारात्मकता फैलायी जा रही है, छात्रों के मन में जहर भरा जा रहा है, अल्पसंख्यक मोदी के करीब जा रहे हैं तो उन्हें डराया जा रहा है वह समाज हित में नहीं है। ऐसा करने वालों को यह भी पता होना चाहिए कि मोदी ने कभी अपनी छवि की परवाह नहीं की इसलिए वह 20 से

भी ज्यादा वर्षों से लगातार सरकारों के मुखिया बने हुए हैं। बहरहाल, जिस तरह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी ने बीबीसी डॉक्यूमेंट्री के खिलाफ बोल कर और अपनी पार्टी कांग्रेस के खिलाफ खड़ा होकर साहस दिखाया है वह प्रदर्शित करता है कि विदेशियों की हर चाल को देश समझने लगा है और राष्ट्रहित में कोई भी त्याग करने को तैयार है। हम आपको बता दें कि अपने ट्वीट को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच अनिल एंटनी ने कांग्रेस में अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। अनिल एंटनी ने ट्वीट कर अपने इस्तीफे की घोषणा की जिसमें उन्होंने कहा कि उन्हें डॉक्यूमेंट्री के खिलाफ किए अपने ट्वीट को वापस लेने के लिए कई ''असहिष्णु'' फोन कॉल आ रहे हैं और इसी मुद्दे पर ''नफरतध्अपशब्दों की फेसबुक 'वॉलश'' के कारण उन्होंने यह फैसला किया। एके एंटनी कई दशकों से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और अनिल भी पार्टी में जिस तरह सेवाएं दे रहे थे उसके बावजूद सिर्फ राष्ट्रहित में किये गये एक ट्वीट के चलते उनके साथ जिस तरह का बर्ताव किया गया वह राहुल गांधी के श्नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकानश खोलने के दावों पर भी सवाल उठाता है। जहां तक केरल में इस मुद्दे पर हो रही राजनीति की बात है तो आपको बता दें कि वाम समर्थक स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया सहित विभिन्न राजनीतिक संगठनों ने मंगलवार को इस डॉक्यूमेंट्री को पूरे केरल में दिखाया। इसके विरोध में भाजपा की युवा शाखा ने प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा को अप्रत्याशित रूप से कई हलकों से समर्थन मिला। समर्थन करने वालों में अनिल एंटनी भी शामिल थे। उधर, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में भी बीबीसी डॉक्यूमेंट्री को लेकर मंगलवार को भारी हंगामा हुआ। जेएनयू छात्र संघ ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रसंघ के कार्यालय का बिजली और इंटरनेट कनेक्शन काट दिया। हालांकि, छात्रों ने अपने मोबाइल फोन और अन्य उपकरणों पर यह डॉक्यूमेंट्री देखी। डॉक्यूमेंट्री देखने के लिए जवाहरलाल नेहरू विश्व विद्यालय छात्र संघ कार्यालय के बाहर इकट्ठा हुए छात्रों ने यह भी दावा किया कि जब वे इसे अपने फोन पर देख रहे थे तो उन पर पत्थर फेंके गए। हालांकि, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि पुलिस को ऐसी किसी घटना की सूचना नहीं दी गई। कुछ छात्रों ने यह भी दावा किया कि विश्वविद्यालय परिसर में सादी वर्दी में पुलिसकर्मी घूम रहे थे। इसके अलावा दिल्ली के जामिया विश्वविद्यालय में भी डॉक्यूमेंट्री दिखाने की तैयारी की जा रही है। दूसरी ओर, हैदराबाद विश्वविद्यालय में छात्रों के एक समूह ने बीबीसी डॉक्यूमेंट्री को अपने परिसर में दिखाया, जिसे लेकर विश्व विद्यालय के प्राधिकारियों ने रिपोर्ट मांगी है। 'फ्रेटरनिटी मूवमेंट– एचसीयू यूनिट' के बैनर तले छात्रों के एक समूह ने विश्वविद्यालय के परिसर में यह डॉक्यूमेंट्री दिखायी। विश्व विद्यालय के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि छात्र समूह ने इस डॉक्यूमेंट्री को दिखाने से पहले प्राधिकारियों से कोई अनुमति नहीं ली थी और उन्हें इसके बारे में तब पता चला, जब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने विश्व विद्यालय के रजिस्ट्रार से इस बारे में शिकायत की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने सुरक्षा शाखा से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी है।

इस बीच, खबर है कि कोलकाता में भी विश्वविद्यालय में यह डॉक्यूमेंट्री दिखाने की तैयारी की जा रही है। हम आपको यह भी बता दें कि तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा और डेरेक ओश ब्रायन ने केंद्र पर निशाना साधते हुए बीबीसी की विवादास्पद डॉक्यूमेंट्री का शलिंकश ट्विटर पर साझा किया है। बहरहाल, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत की छवि पर प्रहार के लिए बनाई गयी बीबीसी डॉक्यूमेंट्री को देश में कुछ लोग ऐसे समय बढ़ावा दे रहे हैं जब हम गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। बरसों तक भारत पर राज करने वाले ब्रिटेन ने बांटो और राज करो की जो नीति अपने शासन के समय अपनाई थी, उस नीति पर वह आज भी कायम है। बीबीसी से डॉक्यूमेंट्री बनवा कर हमको बांटने का प्रयास किया गया है और हम उसकी चाल समझ नहीं पा रहे हैं।

## भाजपा में नीतीश कुमार की नो एंट्री!

**पटना, व.स.।** बिहार की राजनीति में आरोप–प्रत्यारोप के बीच एक बार फिर उथल–पुथल की अटकलें तेज हैं। भाजपा और जदयू में फिर से निकटता बढ़ने की बात कही जा रही है। इस बीच भाजपा के राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर ने जहानाबाद में यह क्लीयर कर दिया कि अब नीतीश कुमार के लिए एनडीए में प्रवेश के द्वार पूरी तरह से बंद हो गए हैं। परिसदन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ जदयू का किसी भी तरह का गठबंधन अब संभव नहीं है। वहीं, उपेंद्र कुशवाहा पर नरम रुख अख्तियार करते हुए विवेक ठाकुर ने कहा कि भाजपा में आने की चाहत रखने वाले लोगों की लंबी लिस्ट है। यहां प्रवेश जनता की मर्जी से होता है। जनता जिसे चाहेगी उसे प्रवेश मिलेगा। राज्यसभा सांसद ने हाल ही में संपन्न हुए उपचुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि सभी दल भाजपा के विरोध में लड़ रहे थे। बिहार की जनता के सहयोग से ही हमारी जीत हुई।

राज्यसभा सांसद पटना के बापू सभागार में 22 फरवरी को आहूत किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती के जयंती समारोह में लोगों को शामिल होने के लिए निमंत्रण देने आए थे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बिहार के सभी जिले से किसान और मजदूर आएंगे।

# गणतंत्र दिवस पर महान सेनानी के साथ बलिदानियों को याद करने का अवसर

संजीव ठाकुर,
स्तंभकार, चिंतक,
लेखक, रायपुर
छत्तीसगढ़

**वर्तमान सत्ता**

**नई दिल्ली।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस हमे हमेशा याद दिलाता रहेगा कि यह दिवस स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए महान महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, जवाहरलाल नेहरू लाल बहादुर शास्त्री, सरदार वल्लभभाई पटेल एवं अन्य असंख्य वीर सेनानियों को जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के अग्निकुंड में अपनी आहुति दी थी को याद करने का और उनको कृतज्ञ राष्ट्र की श्रद्धांजलि देने, उन्हें नमन करने का का अवसर है। 23 जनवरी को सुभाष जयंती के अवसर पर उन्हें भी नमन, उनके संदर्भ में कुछ लिखना इसीलिए भी संदर्भित एवं समीचीन है कि सुभाष बाबू ने स्वतंत्रता संग्राम के लिए और देश के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया था, एवं उनकी जन्म तिथि 23 जनवरी को ही है।

सुभाष चंद्र बोस एक साथ महान सेनापति, वीर सैनिक, राजनीति का अद्भुत खिलाड़ी, अंतरराष्ट्रीय ख्याति का महान पुरुष जो अंतरराष्ट्रीय स्तर के नेताओं के समकक्ष अधिकार के साथ बैठने तथा कूटनीति चर्चा का अधिकार रखते थे। ब्रिटिश साम्राज्य को उखाड़ फेंकने के लिए भारत के बच्चे बच्चे को स्वतंत्रता की बलिवेदी पर हंस–हंस कर अपनी जान न्योछावर करने को तैयार करने के लिए ष्तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगाष्का नारा देने वाले जिस महान योद्धा ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के खून में शक्ति का संचार किया एवं संपूर्ण देश को एक सफल नेतृत्व दिया ऐसे महान सेनानी सुभाष चंद्र बोस को कृतज्ञ भारत राष्ट्र की श्रद्धांजलि एवं नमन।

सुभाष चंद्र बोस एक ऐसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और जुझारू योद्धा थे,जिनके कदम लक्ष्य कभी पीछे नहीं हटे, और उन्होंने जो सपना देखा था उसे प्राप्त करने का पूर्ण प्रयास किया था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा प्रांत के कटक शहर में हुआ था ।उनके पिता श्री जानकी दास बोस एक प्रसिद्ध सरकारी वकील थे। उनके पूर्वज पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले के केदलिया गांव के निवासी थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा कटक में हुई आगे की शिक्षा के लिए उन्होंने कोलकाता के प्रेसिडेंसी कॉलेज में प्रवेश किया था। उनके पिता की इच्छा के अनुसार उन्होंने आई,सी,एस की परीक्षा मेरिट में उत्तीर्ण की थी। यह अलग बात है कि उन्होंने स्वतंत्र संग्राम में कूदने के कारण उस सेवा मैं अपनी उपस्थिति नहीं दी। अंग्रेजो के खिलाफ अपने संघर्ष की शुरुआत करते हुए

नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देशबंधु चितरंजन दास के सहयोगी बनकर की। प्रिंस ऑफ वेल्स के भारत आगमन पर उन्होंने जमकर विरोध किया एवं उनका बहिष्कार किया और फलस्वरूप उन्हें 6 माह की जेल दे दी गई। 1924 में जब देशबंधु कोलकाता के मेयर बने तब सुभाष चंद्र को उनका चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर बनाया गया। उनके स्वतंत्रता संग्राम के प्रति लगाव तथा उनकी लगातार अंग्रेज सरकार के विरोध में गतिविधि के कारण गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, किंतु उन्हें अधिक समय तक जेल में नहीं रखा जा सका। 1927 में फिर रिहा कर दिए गए। इस समय तक वे देश के प्रखर नेता बन चुके थे ।उनकी ख्याति भारत की सीमा के पार जर्मनी, जापान अमेरिका, सोवियत रूस जैसे देशों तक पहुंच चुकी थी। 26 जनवरी 1930 को कोलकाता का मेयर रहते हुए उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम का अलख जगा कर अंग्रेजों को भयभीत कर दिया था। एक विशाल रैली निकालकर अंग्रेजों का विरोध किया जिससे अंग्रेज शासन ने भयभीत होकर उन्हें फिर जेल में डाल दिया गया था इस बार उन्हें यातनाएं भी दी गई थी। इसके बाद सरकार ने सोची समझी साजिश के तहत उन्हें सीधा यूरोप के स्विजरलैंड भेज दिया गया था। नेताजी को रिहा नहीं किया गया था बल्कि निर्वासन दिया गया था, और यह बात सिद्ध हो गई जब अपने पिता की मृत्यु पर स्वदेश लौटते ही उन्हें गिरफ्तार कर उनके घर में ही नजरबंद कर दिया गया।

वर्ष 1938 में वे कांग्रेस के हरिपुर अधिवेशन में गांधी जी द्वारा नामजद उम्मीदवार पट्टाभी सीतारामय्या के विरुद्ध अध्यक्ष पद का चुनाव जीतकर कामयाब हो गए थे। गांधी जी ने इस पराजय को अपनी पराजय माना था। सुभाष चंद्र बोस गांधी जी का बहुत सम्मान करते थे अतः दक्षिणपंथी कांग्रेसियों के असहयोग को देखते हुए उन्होंने कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया और फॉरवर्ड ब्लॉक नामक एक नई पार्टी की स्थापना की थी। 1941 में उन्हें फिर गिरफ्तार कर नजरबंद कर दिया गया था ,किंतु वे भेष बदलकर भागने में सफल हो गए। भारत से भागकर वे सीधे रंगून पहुंचे। उस समय जर्मनी के हिटलर तानाशाह ने उन्हें यथा योग्य सम्मान दिया एवं उनकी योजना को समर्थन तथा सहयोग भी दिया था। 1943 में सुभाष चंद्र बोस जापान चले गए वहां से सिंगापुर पहुंचे। जहां सेनानी रासबिहारी बोस ने उन्हें आजाद हिंद फौज का सेनापति नियुक्त किया। 1940 में सुभाष चंद्र बोस में सिंगापुर में ही आजाद भारत की स्थाई सरकार की घोषणा कर दी थी। उन्हें जापान, इटली, चीन, जर्मनी, फिलीपींस ,कोरिया, आयारलैंड देशों की सरकारों का समर्थन एवं मान्यता प्राप्त हो गई थी। बाद में उन्होंने रंगून को अपनी अस्थाई राजधानी बनाई थी। वर्ष 1945 को अंग्रेजी सैनिकों ने रंगून पर पुनः कब्जा कर लिया, आजाद हिंद फौज को इस युद्ध में भले ही हार का सामना करना पड़ा हो पर ब्रिटिश सरकार के सैनिकों के दांत खट्टे सुभाष चंद्र बोस के सैनिकों ने कर दिया था। वहां तैनात झांसी रेजीमेंट की वीरांगनाओं के अदम्य साहस शौर्य वीरता को कभी भुलाया नहीं जा सकता। द्वितीय युद्ध में जापान की हार के बाद सुभाष चंद्र बोस को नया रास्ता ढूंढना बहुत आवश्यक हो गया था ।उन्होंने रूस से सहायता मांगने का निश्चय किया। 18 अगस्त 1945 को हवाई जहाज से मांचूरिया की ओर जा रहे थे, इस सफर के दौरान वह लापता हो गए। 23 अगस्त 1945 को वायुयान दुर्घटना में उनकी मृत्यु के समाचार पर किसी को विश्वास नहीं हुआ।

देश के प्रति दुर्लभ प्रेम की भावना का परिणाम था कि बीसवीं सदी के अंत तक भारतवासी यही मानते रहे कि उनके प्रिय नेता जी की मृत्यु नहीं हुई है और आवश्यकता पड़ने पर पुनः देश की बागडोर संभालने कभी भी आ सकते हैं। देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनकी महत्वपूर्ण एवं अहम भूमिकाओं को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें 1992 में मरणोपरांत देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। नेताजी आज हमारे बीच शारीरिक रूप से उपस्थित नहीं है पर देशभक्ति का उनका अमर संदेश आज भी हमे देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने की प्रेरणा देता है।

दैनिक वर्तमान सत्ता
गाजियाबाद

## पत्नी के किसी और से संबंध, पति ने की आत्महत्या

**गाजियाबाद, वर्तमान सत्ता।** ग लोनी के राहुल गार्डन कॉलोनी में रहने वाले युवक प्रदीप (30) ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौत से पहले युवक ने मोबाइल फोन से एक वीडियो बनाकर अपनी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए। युवक का आरोप था कि एक लड़के के साथ पत्नी के प्रेम संबंध हैं, जिससे परेशान होकर वह आत्महत्या जैसा कदम उठा रहा है। परिजनों ने महिला और ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। राहुल गार्डन कॉलोनी में प्रदीप परिवार के साथ रहते थे। वह ड्राइवरी करते थे। प्रदीप के भाई जितेंद्र ने बताया कि प्रदीप की नाईपुरी कॉलोनी में रहने वाली महिला के साथ करीब सात साल पहले शादी हुई थी। उनकी डेढ़ साल की बेटी है। आरोप है कि शादी के बाद से दंपती में प्रेम संबंधों को लेकर झगड़ा होता था। आरोप है कि महिला का एक लड़के के साथ संबंध है।

## प्रेस्टीज स्कूल में 74वां गणतंत्र दिवस उत्साह व उमंग से मनाया

**गाजियाबाद, वर्तमान सत्ता।** सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल में 74वां गणतंत्र दिवस उत्साह व उमंग से मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने संविधान रक्षा की शपथ ली। चौथी और पांचवी कक्षा के छात्र–छात्राओं द्वारा दिल को छू लेने वाले देशभक्ति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। ऑर्केस्ट्रा पर आधारित भजन की धुन आकर्षण का केंद्र रही। समूह गान में बच्चों ने देश की विविधता, सौहार्द व वीरों की शौर्य गाथा हम भारत के रहने वाले भेदभाव ना जाने, जाति धर्म को छोड़ कर सारे आगे बढ़ना जाने का खूबसूरती से बखान किया। नेहरू नगर स्थित शाखा में देशभक्ति के गीतों पर आधारित नृत्य प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। स्कूल की निदेशक प्राचार्य, डॉ. माला कपूर ने कहा कि हम सभी देशवासियों को भारत का नागरिक होने पर गर्व है। हमारा संविधान हमें समान नागरिकता अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए संघर्ष और दी गई प्राणों की आहुति की बदौलत ही हमें पूर्ण स्वराज हासिल हुआ। डॉ. कपूर ने बच्चों को श्रेष्ठ नागरिक बनने व संविधान की रक्षा की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर नेहरू नगर एवं कवि नगर शाखा की प्रधानाध्यापिका उमा नवानी के अलावा मंजु कौशिक, मीनाक्षी शर्मा, शिखा शर्मा, एकता कोहली, अनुज शर्मा आदि उपस्थित थे।

कवि नगर शाखा में भी बच्चों ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र, देश व संविधान को समर्पित आकर्षक प्रस्तुतियां पेश कीं। नन्हे–मुन्ने बच्चों ने तन, मन और धन से बढ़कर जन, गन, मन का मंत्र दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या सोनिया सेहरा व आलोक यात्री भी उपस्थित थे।

## समाजसेवी कुंवर शहजाद चौधरी का जन्मदिन मनाया

**गाजियाबाद, वर्तमान सत्ता।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मुरादनगर के अध्यक्ष और समाजसेवी कुंवर शहजाद चौधरी का जन्मदिन उनके जिला पंचायत मार्केट स्तिथ कार्यालय मुरादनगर में बड़ी धूमधाम से एवं हर्षोल्लास के साथ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल गाजियाबाद मोदीनगर और मुरादनगर के पदाधिकारी, व्यापारीगण, समाजसेवी, राजनेताओं और पत्रकारों द्वारा मनाया गया। सभी लोगों ने जन्मदिन के अवसर पर उनके कार्यालय पर आकर उन्हें पटका, शाल, फूल मालाएं पहनाकर व उपहार देकर जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष प्रितमलाल जी, फारुख चौधरी, वरिष्ट जिला महामंत्री अमित गोयल जी, युवा जिला अध्यक्ष आकाश कटियार, आशीष शर्मा, नीमा अध्यक्ष डॉक्टर राजपाल तोमर, पूर्व चेयरमैन पति राधे किशन अरोड़ा , बुध गोपाल, भाजपा मुरादनगर मंडल अध्यक्ष नितिन गोयल, ललित गोयल, विकास डागर, दमयंती सिंह, उषा चौधरी, लोकेश जाटव, प्रशांत खटीक, नवनीत निम्मी, राशिद पत्रकार, रजनीश शर्मा, जितेंद्र कुंडू, साजिद मंसूरी, रीटा प्रसाद, शहजाद इलाही, सतीश जिंदल, गोपाल बुरा वाले, छोटे चौधरी, हाजी अफजाल, सतीश गोयल, मुरादनगर व्यापार मंडल के महामंत्री त्रिवेंद्र गुप्ता जी, नितिन शर्मा, जय भगवान, संजय सिंघल, डॉक्टर मुस्सरफ, नवीन मित्तल, दीपक गोयल, शादाब सैफी, मिल्लत खान, अमित गर्ग, मयंक बंसल, विपिन गर्ग, सचिन सक्सेना, नवीन सक्सेना, संदीप सिंघल, रेलवे रोड अध्यक्ष सुनील नागपाल, सुरेंद्र कुमार ,मोदीनगर से महामंत्री निर्दोष खटाना, सतीश अग्रवाल, एडवोकेट बैसला सहित सैंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सांसद ने किया ध्वजारोहण

**वर्तमान सत्ता**

